बीएड में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 21 अप्रैल को

वरीय संवाददाता, रांची

□ लगभग 54,000 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया है

झारखंड के 136 बीएड कॉलेजों में एडमिशन के लिए विद्यार्थी उत्साहित हैं. 3,600 सीटों के लिए लगभग 54,000 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया है. प्रवेश परीक्षा 21 अप्रैल को होगी. इसमें सफल विद्यार्थियों को काउंसेलिंग के बाद नामांकन मिलेगा. साथ ही एमएड, बीपीएड और एमपीएड पाठयक्रमों में भी नामांकन होगा. यह परीक्षा रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका और पलामू जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न केंद्रों पर होगी.

पर्षद के मुताबिक झारखंड के विवि से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 85 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी, जबकि 15 प्रतिशत सीटें खुली रहेंगी. प्रवेश परीक्षा ओएमआर आधारित (ऑफलाइन मोड में) होगी. प्रश्न बहु वैकल्पिक (एमसीक्यू) और 100 अंकों के होंगे. हर प्रश्न एक अंक का होगा, जबकि हर गलत जवाब के लिए 0.25 अंक काटे जायेंगे. मेरिट लिस्ट परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर बनेगी.